## कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर, छ0ग0

### आदेश

क्रमांक / 2323 / शिकायत–जांच / 2025 — बिलासपुर, दिनांक 21 / 03 / 2025

कलेक्टर बिलासपुर के टी0एल0क्र. 18768 दिनांक 10.03.2025 के माध्यम से शिकायतकर्ता श्रीमती निलम भारद्वाज, सहायक शिक्षिका एलबी.शा0प्रा0शा0औछिनापारा वि0ख0कोटा द्वारा प्रस्तुत शिकायत उनके पति स्व0पुष्कर भारद्वाज, शिक्षक के मृत्यु उपरांत देय स्वत्वों के भुगतान न किये जाने व उनके एवज में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा के लिपिक श्री एकादशी पोर्ते द्वारा रूपये 1 लाख 24 हजार की मांग किये जाने की जांच तीन सदस्यी टीम गठित कर करायी गई । जांच अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन क्रं. 784 दिनांक 21.03.2025 द्वारा प्रकरण पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अपने अभिमत में स्पष्ट करते हुए लेख किया है कि विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा श्री विजय टाण्डे एवं लिपिक श्री एकादशी पोर्ते की मिली भगत से शिकायत दिनांक 07.03.2025 तक डेढ़ माह की विस्तारित अवधि तक मृत्य शिक्षक के परिवार राशि को रोककर रखना, संबंधित को भुगतान नहीं करना लेन-देन की मंशा रखना एवं शिकायतकर्ता की शिकायत की पुष्टि करता है ।

श्री एकादशी पोर्ते सहायक ग्रेड–2 कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा का उपरोक्तानुसार कृत्य सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकूल होने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है ।

श्री एकादशी पोर्ते सहायक ग्रेड–2 का निलंबन काल में मुख्यालय कार्यालय प्राचार्य शा0ब0उ0मा0शा0रतनपुर में रहेगा, एवं उन्हें नियमानुसार जीवन–निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी ।

**(कलेक्टर द्वारा अनुमोदित)**

(हस्ताक्षर) 21/3/25
जिला शिक्षा अधिकारी,
बिलासपुर छ0ग0

पृ. क्र./ 2324 / शिकायत–जांच / 2025 — बिलासपुर, दिनांक 21 / 03 / 2025

प्रतिलिपि–

1/ संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती भवन नवा रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
2/ कलेक्टर बिलासपुर जिला बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
3/ संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
4/ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कोटा को सूचनार्थ एवं आवश्यककार्यवाही हेतु अग्रेषित ।
5/ प्राचार्य शा0ब0उ0मा0शा0रतनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।
6/ कार्यालयीन मु0लि0 / स्थापना खण्ड को सूचनार्थ ।
7/ संबंधित श्री एकादशी पोर्ते सहायक ग्रेड–2 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

(हस्ताक्षर) 21/3/25
जिला शिक्षा अधिकारी,
बिलासपुर छ0ग0